RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 वर्ष 06 अंक 186 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

ठाणे में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक महीने का लंबा इंतजार...



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# आचार संहिता उल्लंघन में सीएम शिंदे का जिला अव्वल

**ठाणे से मिली 218 शिकायतें**

### सी-विजिल ऐप पर मिली शिकायतें

इसी तरह चुनाव आयोग ने जनता से 'सी विजिल एप' पर आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत करने की अपील की थी। जिसके बाद बीते 9 दिनों में 1011 शिकायतें 'सी-विजिल' ऐप पर चुनाव आयोग को मिली है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इनमें से 98% यानी 995 शिकायतों का निपटारा कर लिया गया है। राज्य में यवतमाल -51, अहमदनगर -39, सोलापुर -39, अमरावती - 32, नागपुर - 29, नांदेड -28, सातारा -25 अन्य प्रमुख जिले हैं, जहां आचार संहिता उल्लंघन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।




**मुंबई:** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है तथा उम्मीदवारी अर्ज भरने वाले उम्मीदवारों की संख्या बढ़ रही है। वैसे-वैसे आचार संहिता उल्लंघन की शिकते भी बढ़ती जा रही हैं। हालांकि सीएम चुनाव आयोग की टीम उसी तेजी से शिकायतों का निपटारा भी कर रही है। राज्य चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में 15 अक्टूबर को चुनावी कार्यक्रम घोषित होने और आचार संहिता लगने के बाद से 23 अक्टूबर तक आचार संहिता भंग की 1011 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

महाराष्ट्र में कुल आचार संहिता भंग की 1011 शिकायतें मिली हैं, इनमें सर्वाधिक 218 शिकायतें सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे जिले से प्राप्त हुई हैं। इसके बाद पुणे 214 और मुंबई उपनगर 127 शिकायतों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। चुनाव आयोग ने स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए जन भागीदारी की अपील की थी। चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के साथ-साथ राज्य के 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक और 71 व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है।

### जब्त की गई 44 करोड़ 80 लाख रुपए की संपत्ति

राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न जांच एजेंसियों की कार्रवाई में अब तक अवैध धन, शराब, ड्रग्स और कीमती धातुओं आदि के मामले में कुल 44 करोड़ 80 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवबंर को मतदान होगा। वहीं 23 नवंबर मतगणना होगी। इसके लिए चुनाव आयोग और प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।

## युवती ने बिल्डिंग की 23वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या!



**मुंबई:** मुंबई के मलाड इलाके में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना घटी। एक 19 वर्षीय कॉलेज छात्र ने एक आवासीय इमारत की 23वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है और पुलिस ने इसे दुर्घटनावश मौत के रूप में दर्ज किया है। इस घटना से इलाके में सनसनी मच गई है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। आवासीय इमारत की 23वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने वाली लड़की की पहचान रिद्धि सुरेखा (उम्र, 19) के रूप में हुई है। रिद्धि अपने परिवार के साथ मलाड वेस्ट में रहती थी और पोतदार कॉलेज में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के मुताबिक, रिद्धि मंगलवार दोपहर करीब 1.15 बजे कॉलेज से लौटी और बिल्डिंग की छत पर गई। इसके बाद उसने वहां से कूदकर आत्महत्या कर ली. उसका बैग छत पर मिला। घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने पर पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिवार को सौंप दिया गया. उसके पिता शेयर बाजार में काम करते हैं।

## 41 मंजिला विस्टा बिल्डिंग में लिफ्ट दुर्घटना में 4 घायल



**महाराष्ट्रः** लिफ्ट दुर्घटना में 4 घायल यह घटना सोमवार शाम करीब 7 बजे वर्तक नगर के पोखरण रोड पर रेमंड कॉम्प्लेक्स के अंदर स्थित ग्राउंड प्लस 41 मंजिला विस्टा बिल्डिंग में हुई। इसमें 11 वर्षीय शुभ मारुलकर समेत 4 लोग घायल हो गए, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल किसी की चोट गंभीर नहीं है। लिफ्ट अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई और इसके शीशे टूट गए। शुभ के पैर में चोट लगी है, जिसका इलाज चल रहा है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस के त्वरित हस्तक्षेप से उन्हें बचाने में मदद मिली। आरडीएमसी प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया, ''फायर स्टेशन से सूचना मिलने के बाद बचाव दल को तुरंत भेजा गया और वहां पहुंचने पर हमने पाया कि लिफ्ट के अंदर 4 लोग फंसे हुए हैं, सौभाग्य से सभी को बचा लिया गया।'' उन्होंने कहा, ''जांच के दौरान पुलिस इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करेगी।'' शहर में लगातार हो रही लिफ्ट दुर्घटनाओं ने लोगों को चिंतित कर दिया है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने गैंगस्टर छोटा राजन को दी जमानत



**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को गैंगस्टर छोटा राजन को जमानत दे दी और दक्षिण मुंबई में गोल्डन क्राउन होटल की मालकिन जया शेट्टी की 2001 में हुई हत्या के मामले में उसकी सजा निलंबित कर दी। 4 मई, 2001 को शेट्टी की दो अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ ने दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद राजन को 1 लाख रुपये का निजी मुचलका और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया है।राजन को 2015 में इंडोनेशिया से भारत प्रत्यर्पित किए जाने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपे गए 71 मामलों में जया शेट्टी हत्या का मामला भी शामिल था।अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि शेट्टी की हत्या कथित तौर पर फिरौती की रकम देने से इनकार करने पर की गई।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## चीन से सावधान रहने में ही समझदारी...

लद्दाख में सीमा विवाद के कारण भारत और चीन के बीच पिछले चार साल से चल रहे सैन्य तनाव की समाप्ति हो रही है। सोमवार को भारतीय पक्ष और मंगलवार को चीनी पक्ष के बयानों से पता चलता है कि लद्दाख के देपसांग और डेमचोक की स्थिति को लेकर अनसुलझे विवाद पर भी भारत और चीन के बीच सहमति हो गई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी संकेत दिया कि इन दोनों क्षेत्रों में भी दोनों पक्ष अपनी-अपनी सेनाओं को अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति पर ले जाने और चीन के नियंत्रण वाले विवादास्पद इलाकों में भारतीय सेना की गश्त पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि आने वाले कुछ दिनों में इन क्षेत्रों से चीनी सेना की वापसी का काम पूरा हो जाएगा। असल में यह विवाद जून 2020 में गलवन में चीनी सैनिकों द्वारा आपसी सहमति के नियमों को तोड़कर निहत्थे भारतीय सैनिकों पर धोखेबाजी से किए गए हमले से शुरू हुआ था। अचानक हुए इस शर्मनाक चीनी हमले में भारत के 20 जवान बलिदान हो गए थे। हालांकि, भारतीय सेना की त्वरित एवं दमदार जवाबी कार्रवाई में इससे कहीं ज्यादा बड़ी संख्या में चीनी सैनिक भी मारे गए थे, लेकिन चीन की सेना और न ही सरकार ने आज तक अपने मृतक सैनिकों की संख्या सार्वजनिक नहीं की।

गलवन में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों ने जितने बड़े पैमाने पर पूरे लद्दाख में सेनाओं और युद्ध सामग्री की तैनाती की, उसने किसी बड़े युद्ध की आशंका को बढ़ा दिया था। युद्ध के इस खतरे को टालने के लिए पिछले चार वर्षों में दोनों पक्षों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, कूटनीतिज्ञों और विदेश मंत्री तक के स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा था। कुछ क्षेत्रों में सहमति भी बन चुकी थी, लेकिन देपसांग और डेमचोक पर चीन के अड़ियल रवैये के कारण कोई ठोस हल नहीं निकल पा रहा था। यह सही है कि बीते दो दिन की घोषणाओं ने एशिया की दो बड़ी शक्तियों में बढ़ रहे तनाव और विवाद के ठंडा होने की उम्मीदें बढ़ाई हैं, लेकिन आपसी संधियों और सहमतियों के प्रति चीन के पुराने इतिहास को देखते हुए भारत में विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग यह मानता है कि चीन से बनी सहमति का स्वागत तो करना चाहिए, लेकिन सतर्कता में कोई ढील न दी जाए।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# ठाणे में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक महीने का लंबा इंतजार...

## नई व्यवस्था में नागरिकों को तकनीकी दिक्कत

**ठाणे:** हालांकि केंद्र सरकार ने चार महीने पहले पुरानी नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस पोर्टल) वेबसाइट को बंद कर दिया है और इसे अपडेट किया है, लेकिन इस वेबसाइट में तकनीकी समस्याओं के कारण नागरिकों को ठाणे में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक महीने तक इंतजार करना होगा। नागरिकों को चक्कर लगाने के बाद भी प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है, जिससे नगर निगम प्रशासन को नागरिकों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है.




राज्य में स्थानीय निकायों से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किये जाते हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस पोर्टल) का इस्तेमाल किया गया। जबकि प्रमाणपत्र जारी करना पिछले कुछ वर्षों से सुचारू रूप से चल रहा है, केंद्र सरकार ने सिस्टम को अपडेट करने का फैसला किया और 20 जून को वेबसाइट बंद कर दी। वेबसाइट को जुलाई के पहले सप्ताह में अद्यतन और चालू कर दिया गया था। इस वेबसाइट की कार्यप्रणाली के संबंध में नगर पालिका के जन्म एवं मृत्यु विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद उम्मीद थी कि नयी व्यवस्था से प्रमाणपत्र जारी करने का काम सुचारु रूप से शुरू हो जायेगा.

लेकिन पिछले चार माह से तकनीकी दिक्कतों के कारण नगर निगम प्रशासन के लिए नागरिकों को एक निश्चित समय सीमा के अंदर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना संभव नहीं हो पा रहा है. नागरिकों को प्रमाण पत्र के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है, इसके बाद भी उन्हें प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नागरिकों को एक माह तक इंतजार करना पड़ता है। इससे नगर पालिका के कर्मचारियों और नागरिकों के बीच विवाद उत्पन्न हो जाते हैं और कर्मचारियों को नागरिकों के आक्रोश का सामना करना पड़ता है।

पिछली वेबसाइट में नगर निगम कर्मचारी जन्म या मृत्यु की जानकारी दर्ज करता था और उसमें किसी भी बदलाव को तुरंत ठीक करता था। इसके बाद कुछ ही समय में नागरिकों को प्रमाण पत्र जारी कर दिये गये। लेकिन नई वेबसाइट पर जन्म या मृत्यु की जानकारी दर्ज करने के साथ ही संबंधित दस्तावेज स्कैन करके जमा करने होंगे।

## मुंबई : एमएनएस ने उम्मीदवारों की पहली लिस्टी जारी की



**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्टी जारी की है. इस लिस्ट में 45 उम्मीदवारों के नाम हैं. सबसे अहम बात यह है कि एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को उनके गृह क्षेत्र माहिम विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है. अमित ठाकरे अपने चचेरे भाई आदित्य ठाकरे के बाद चुनावी मैदान में उतरने वाले दूसरे ठाकरे होंगे. राज ठाकरे के नेतृत्व में सोमवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें पार्टी नेताओं ने निर्वाचन क्षेत्रों के पर्यवेक्षकों की रिपोर्टें देखने के बाद उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार की थी. चर्चा का मुख्य केंद्र उन निर्वाचन क्षेत्रों में मजबूत उम्मीदवारों को खड़ा करना था, जहां जीतने की संभावना अधिक हो।

खासतौर पर, माहिम निर्वाचन क्षेत्र से अमित ठाकरे के उम्मीदवार बनाए जाने की संभावनाओं को लेकर ध्यान केंद्रित था. हालांकि, इस मामले में अंतिम निर्णय राज ठाकरे के हाथ में था, जिन्होंने बेटे को माहिम से मैदान में उतारने का फैसला किया. अमित ठाकरे की संभावित भूमिका को लेकर पार्टी के भीतर तनाव भी पैदा हुई. खासतौर से वरिष्ठ मनसे नेता और पूर्व विधायक नितिन सरदेसाई इसको लेकर नाराज हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो सरदेसाई इस बैठक में शामिल नहीं हुए. हालांकि, सूत्रों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पहले ही राज ठाकरे को इसकी जानकारी दे दी थी. माहिम निर्वाचन क्षेत्र पर ऐतिहासिक रूप से एमएनएस और शिवसेना के बीच करीबी मुकाबला देखा गया है, जिसमें एमएनएस ने 2009 में माहिम की कमान भी संभाली थी. 2014 और 2019 के विधानसभा चुनावों में, एमएनएस के उम्मीदवारों ने शिवसेना के सदा सरवणकर को कड़ी टक्कर दी थी।

## चुनाव आयोग की एक टीम ने पुणे में २२.९० लाख रुपये जब्त किए



**पुणे :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले, चुनाव आयोग की एक टीम ने महाराष्ट्र के पुणे में एक व्यापारी से 22.90 लाख रुपये जब्त किए, पुलिस ने कहा। 22 अक्टूबर को पुणे के हडपसर इलाके में स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा नकदी जब्त की गई, जिसके बाद अधिकारियों ने आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सूचित किया। पुणे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''पुणे के हडपसर इलाके में स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने 22 अक्टूबर को पुणे जिले के दौंड तहसील के निवासी बक्तुमल सुखेजा नामक एक व्यापारी से 22.90 लाख रुपये जब्त किए।'' अधिकारी ने बताया कि सुखेजा ने दावा किया कि वह एपीएमसी मार्केट यार्ड में एक बैंक में धनराशि जमा करने जा रहे थे, तभी चुनाव आयोग की टीम ने नाकाबंदी अभियान के दौरान उन्हें रोक लिया। उन्होंने बताया कि एसएसटी ने सोलापुर रोड पर मंजरू फाटा पर नकदी जब्त की और आगे की जांच के लिए तुरंत आयकर विभाग को सूचित किया। यह तब हुआ जब पुणे ग्रामीण पुलिस ने सोमवार की देर शाम नाकाबंदी के दौरान खेड़ शिवपुर टोल पर एक कार से 5 करोड़ रुपये जब्त किए। जब्ती के बाद, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने चुनावों से पहले पारदर्शिता पर चिंता व्यक्त की थी। 22 अक्टूबर को मुंबई में आदित्य ठाकरे ने संवाददाताओं से कहा, ''यह स्पष्ट है कि अगर यह सत्तारूढ़ पार्टी का कोई व्यक्ति है, तो कोई भी कभी नहीं जान पाएगा।



# डोंबिवली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पांच पर छत का निर्माण शुरू...

## बारिश में खड़े यात्रियों की परेशानी हो जायेगी खत्म !



**डोंबिवली :** रेलवे प्रशासन ने डोंबिवली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच के लाइट साइड पर विस्तारित प्लेटफॉर्म के क्षेत्र में छत का निर्माण शुरू कर दिया है। पिछले दो वर्षों से इस विस्तारित प्लेटफार्म क्षेत्र में छत नहीं होने के कारण यात्रियों को गर्मी और बरसात के दिनों में परेशानी होती थी। इस छत का काम पूरा होने के बाद यात्रियों को राहत मिलेगी। तीन साल पहले डोंबिवली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर 15 कोच वाली लोकल को खड़ा करने के लिए प्लेटफॉर्म को लाइट की तरफ बढ़ाया गया था। इस विस्तारित प्लेटफार्म पर 15 कोच, 12 कोच की लोकल खड़ी होने लगी। तीन लोकल डिब्बे बिना छत वाले प्लेटफार्म पर आ रहे थे। विस्तारित प्लेटफार्म क्षेत्र में छत नहीं होने के कारण यात्रियों को गर्मी और बारिश में खड़े होकर लोकल पकड़नी पड़ती थी।

सुबह के व्यस्त समय में बारिश होने पर यात्रियों को बिना छत वाले इलाके से लोकल में चढ़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पास में छाता होने के बावजूद भी यात्रियों को भीगना पड़ रहा था। यात्रियों को 15 कोच की लोकल सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। मंच को चौड़ा किया गया. लेकिन प्लेटफार्म पर छत नहीं होने से यात्रियों में भारी नाराजगी थी. इसे लेकर सबअर्बन रेलवे फेडरेशन की अध्यक्ष लता अरगड़े ने समय-समय पर रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक में डोंबिवली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर छत का मुद्दा उठाया और प्लेटफॉर्म पर छत लगाने पर जोर दिया. कई यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे अधिकारियों से व्यक्तिगत तौर पर की थी. महिला डिब्बे, कार्गो डिब्बे बिना छत वाले क्षेत्र में आ रहे थे। इससे सबसे ज्यादा परेशानी महिला यात्रियों को हुई. कंटेनर से माल उतारने के बाद बारिश हो गई तो व्यापारियों को परेशानी हुई। गर्मी के दिनों में यात्रियों को ढके हुए क्षेत्र में खड़े होकर दूर से लोकल को देखना पड़ता था और फिर लोकल पकड़ने के लिए बिना छत वाले क्षेत्र में आना पड़ता था। बरसात के मौसम में ऐसी स्थिति थी. इस छिपाव से यात्रियों को परेशानी होती है।

## मुंबई / 29 वर्षीय महिला से 13.54 लाख रुपये ठग लिए....




**मुंबई :** पुलिस एक ऐसे ठग गिरोह की तलाश कर रही है, जिसने मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए 29 वर्षीय महिला से संपर्क किया और उससे 13.54 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों में से एक ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर पीड़िता से संपर्क किया और दावा किया कि वह अमेरिका में बसा हुआ है। फिर उसने पीड़िता से कहा कि उसने जो उपहार भेजा था, उसे कस्टम ने जब्त कर लिया है और फिर उसने पीड़िता को अलग-अलग लाभार्थी बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता मुंब्रा, ठाणे की रहने वाली है। पीड़िता ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर अपना प्रोफाइल बनाया था। उसे एक ऐसे व्यक्ति की प्रोफाइल से रिक्वेस्ट मिली थी, जिसने दावा किया था कि वह अमेरिका से है। दोनों ने अपने कॉन्टैक्ट नंबर एक्सचेंज किए और नियमित रूप से चैटिंग करने लगे। आरोपी ने पीड़िता से यह भी कहा कि वह जल्द ही भारत आएगा और उससे शादी करेगा। कुछ समय बाद, आरोपी ने पीड़िता से कहा कि उसने उसे सगाई की अंगूठी भेजी थी, जिसे कस्टम अधिकारियों ने जब्त कर लिया है।

इसके बाद जालसाज ने मुंबई के एक ''कस्टम अधिकारी'' के बैंक खाते का विवरण दिया और उसे उक्त बैंक खाते में 2.19 लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित किया। उसने पीड़िता को यह भी बताया कि उसका युगांडा में हीरे और सोने का कारोबार है, जिसे वह अमेरिका में शिफ्ट करना चाहता है और इसके लिए उसे कस्टम शुल्क देना होगा। आरोपी पीड़िता से अलग-अलग बहाने बनाकर पैसे मांगता रहा और आश्वासन दिया कि वह भारत आने पर उसके सारे पैसे चुका देगा।

समय के साथ, पीड़िता ने घोटालेबाजों द्वारा दिए गए विभिन्न

## मुंबई: बाबा सिद्दीकी की हत्या को अंजाम देने से पहले झरने के पास गोलीबारी का अभ्यास किया



**मुंबई:** मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल तीन बंदूकधारियों ने हत्या को अंजाम देने से पहले पड़ोसी रायगढ़ जिले में एक झरने के पास गोलीबारी का अभ्यास किया था, पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को अपनी जांच का हवाला देते हुए कहा। 12 अक्टूबर की हत्या की जांच कर रही शहर पुलिस की अपराध शाखा ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि शूटर धर्मराज कश्यप, गुरमेल सिंह (दोनों गिरफ्तार) और शिवकुमार गौतम (जो फरार है) ने सितंबर में मुंबई के बाहरी इलाके कर्जत तहसील के अंतर्गत पलासधारी में एक झरने के पास गोलीबारी का अभ्यास किया था। उन्होंने कहा कि शूटरों ने झरने के पास एक सुनसान जगह ढूंढी थी, जहां उन्होंने एक दिन गोलीबारी का अभ्यास किया। नितिन सप्रे और राम कनौजिया के नेतृत्व में ठाणे स्थित पांच सदस्यीय कॉन्ट्रैक्ट किलिंग मॉड्यूल ने शुरू में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री (66) की हत्या का सौदा किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### 35 वर्षीय शख्स ने की आत्महत्या !



**नालासोपारा :** नालासोपारा पूर्व ने एक 35 वर्षीय शख्स द्वारा ओढ़नी की सहायता से फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। इस संबंध में आचोले पुलिस स्टेशन ने बीएनएसएस कलम 194 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, दीपेश जाधव, निवासी-गाला नगर, नालासोपारा पूर्व में रहता था। बताया जाता है कि, 21 अक्टूबर को- , दीपेश किसी अज्ञात कारण वश,- घर के पत्रा का छत पर ओढ़नी की सहायता से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शवकों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।

### 5 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज...




**भिवंडी :** भिवंडी न्यायालय परिसर में ड्यूटी पर तैनाद पुलिस हवल- दार को हाथ पाव तोड़ने की धमकी देने वाले 5 आरोपियों पर शांति- नगर पुलिस में केस दर्ज कराया गया है। सुनिल उर्फ सोन्या शंकर फुलारे, अब्दुल्ला संजय इराणी उर्फ सैय्यद, सौरभ उर्फ सोन्या मनोज साळुंखे, जयश्री मनोज साळुंखे, हिना अब्दुल्ला इराणी आरोपियों का नाम है। सभी कल्याण के रहने वाले है। पुलिस के अनुसार नारपोली पुलिस ने आरोपी मनोज जामसिंग बारेला को भिवंडी अदालत में दोपहर में 3 बजे मा. न्यायदंडाधिकारी के 7 वे न्यायालय में हाजिर किया गया था।

## वसईः शिक्षक द्वारा 10 साल की एक लड़की को थप्पड़, मामला दर्ज



**वसईः** मामूली कारणों से प्राइवेट ट्यूशन ले रहे एक शिक्षक ने 10 साल की एक लड़की को थप्पड़ मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें श्वासनली के साथ-साथ मस्तिष्क में भी चोट लगी है और उनका मुंबई के एक निजी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में इलाज चल रहा है। पिछले 8 दिनों से वे वेंटीलेटर पर मौत से लड़ रही हैं।

अंबाराम पटेल (32) नालासोपारा पूर्व के ओसवाल नगर में किराना दुकान चलाते हैं। उनकी 10 साल की बेटी दीपिका 5वीं कक्षा में पढ़ती है। दीपिका प्राइवेट ट्यूशन के लिए उसी इलाके के रीना क्लासेज में जाती है। 5 अक्टूबर को, जब वह क्लास में मस्ती कर रही थी, तो ट्यूटर रत्ना सिंह (20) ने दीपिका के दाहिने कान के नीचे हाथ से जोर से थप्पड़ मारा। इससे उसके कान के पीछे के हिस्से में चोट लग गई। इस पिटाई के कारण दीपिका के कान की नलिकाएं बंद हो गईं और उनके कान सूज गए और दर्द होने लगा। शुरूआत में उनका इलाज विरार के एक निजी अस्पताल में चला। लेकिन दर्द बढ़ने पर उन्हें 13 अक्टूबर को मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस संबंध में दीपिका के पिता अंबाराम ने कहा कि मेरी बेटी का अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज चल रहा है. वह वेंटिलेटर पर हैं. उनके इलाज पर प्रतिदिन 25 हजार का खर्च आता है। हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण हम सामाजिक संस्था से मदद मांग रहे हैं. उन्होंने मांग की कि मेरी बेटी को पीटने वाले शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

# मुंबई: शिवसेना ने 45 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की



**मुंबई:** शिवसेना ने जून 2022 में बगावत करने वाले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ रहे मौजूदा विधायकों और मंत्रियों को फिर से नामांकित करते हुए 45 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है। सूची मंगलवार देर रात जारी की गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे फिर से कोपरी-पचपाखड़ी से चुनाव लड़ेंगे, जबकि उनके मंत्रिमंडल के जिन सहयोगियों को फिर से नामांकित किया गया है उनमें गुलाबराव पाटिल (जलगांव ग्रामीण), संजय राठौड़ (दिग्रस), अब्दुल सत्तार (सिलोद), दादाजी भुसे (बाहरी मालेगांव), तानाजी सावंत (परांदा), शंभुराज देसाई (पाटन), उदय सामंत (रत्नागिरी) और दीपक केसरकर (सावंतवाड़ी) शामिल हैं। चूंकि तत्कालीन मंत्री संदीपन भामरे छत्रपति संभाजीनगर (तत्कालीन औरंगाबाद) निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे, इसलिए उनके बेटे विलास भूमरे को पैठण सीट से उम्मीदवार बनाया गया था।

दिलचस्प बात यह है कि उद्योग मंत्री उदय सामंत के भाई किरण सावंत को राजापुर से मैदान में उतारा गया है क्योंकि बाद वाले ने चुनावी राजनीति में प्रवेश करने की अपनी योजना को नहीं छिपाया था। सीएम ने खानपुर सीट से पार्टी विधायक अनिल बाबर के बेटे सुहास बाबर को नामित किया है, जिनका हाल ही में निधन हो गया था। पार्टी के अन्य उम्मीदवारों की सूची में मंजुला गावित (साकरी एसटी), चंद्रकांत सोनावणे (चोपड़ा एसटी), अमोल चिमनराव पाटिल (एरंडोल) अपने पिता और मौजूदा विधायक चिमनराव पाटिल की जगह लेंगे संजय गायकवाड़ (बुलढाणा); संजय रायमुलकर (मेहकर एससी); अभिजीत अडसुल (दरियापुरकर एससी); जो पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंदराव अडसुल के बेटे हैं; आशीष जायसवाल (रामटेक), जो 2019 के चुनावों में निर्दलीय के रूप में चुने गए थे; नरेंद्र भोंडेकर (भंडारा एससी), जो 2019 के चुनाव में निर्दलीय के रूप में चुने गए थे, बालाजी कल्याणकर (नांदेड़ उत्तर) और संतोष बांगर (कलमनुरी)। मंत्री अर्जुन खोतकर, जो 2019 के चुनावों में कांग्रेस के उम्मीदवार कैलाश गोरंट्याल से हार गए थे, उन्हें जालना से मैदान में उतारा गया है; प्रदीप जायसवाल (छत्रपति संभाजीनगर मध्य); संजय शिरसाट, जिन्होंने हाल ही में शहर और औद्योगिक विकास निगम (छत्रपति संभाजीनगर एससी) के अध्यक्ष का पद संभाला है; रमेश बोरनारे (वैजापुर सीएम शिंदे के करीबी सहयोगी प्रताप सरनाईक को ओवला माजीवाड़ा से फिर से उम्मीदवार बनाया गया है; प्रकाश सुर्वे , पार्टी सांसद रवींद्र वायकर की पत्नी मनीष वायकर (जोगेश्वरी पूर्व); दिलीप लांडे (चांदिवली); मंगेश कुडालकर (कुर्ला एससी); सदा सर्वंकर, जो सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट (माहिम) के अध्यक्ष हैं; यमनी जाधव, जो दक्षिण मुंबई (मुंबई दक्षिण) से लोकसभा चुनाव हार गईं; महेंद्र थोर्वे (कर्जत); महेंद्र दलवी (अलीबाग); भरत गोगावले, जिन्होंने हाल ही में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (महाड) के अध्यक्ष का पदभार संभाला है; शाहजी पाटिल (सांगोला); महेश शिंदे (कोरेगांव); योगेश कदम (दापोली); प्रकाश अबितकर (राधानगरी) और चंद्रदीप नारके (कारवीर)।

## डेढ़ लाख का गांजा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



**भिवंडी :** मजदूर बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण भिवंडी में गांजा की अवैध बिक्री बड़े पैमाने पर होती है। स्थानीय पुलिस समय-समय पर सार्वजनिक स्थानों पर चिलम सुलगा रहे गंजेडियों को गिरफ्तार करती रही है। वहीं गांजा तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, इसके बावजूद गांजा की बिक्री और सेवन पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई है। हाल ही में, पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में गांजा का सेवन कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया। भिवंडी शहर पुलिस ने खदान रोड स्थित गोल्डन होटल के पास खाली पड़ी जमीन में एक रिक्शा में बैठकर गांजा पी रहे साहिल तय्यब पठान को रंगे हाथों पकड़ा।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म... पॉक्सो के तहत केस दर्ज



**भिवंडी :** शहर के नारपोली पुलिस सीमा अंतर्गत एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की घटना प्रकाश में आयी है। पुलिस ने इस मामले पीड़ित लड़की की तहरीर पर काल्हेर के रहने वाले डॉनिश खान उर्फ अजय विश्वकर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित नाबालिग लड़की को अजय विश्वकर्मा ने पहले शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसाया और रहते इलाके के एक बिल्डिंग के कमरे में ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। जिसे लडकी ने इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर डॉनिश खान उर्फ अजय विश्वकर्मा ने लड़की के इच्छा विरूद्ध उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित लडकी ने इसकी शिकायत दादर रेल्वे पुलिस स्टेशन में दाखिल कराया था। पुलिस ने जीरों एफ आई आर दर्ज कर घटना नारपोली पुलिस स्टेशन के सीमा अंतर्गत होने के कारण वर्ग कर दिया है। नारपोली पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता 64 (1),65 (1) सहित पोक्सो के तहत केस दर्ज कर लिया है। जिसकी आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक गणेश रंवडणे कर रहे हैं।

## डॉ. अजीत रानाडे का निष्कासन निर्णय रद्द... गोखले इंस्टीट्यूट ने कोर्ट को दी जानकारी



**मुंबई:** डॉ. यह साफ हो गया है कि पुणे के गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल साइंस एंड इकोनॉमिक्स अभिमत यूनिवर्सिटी के कुलपति पद से अजीत रानाडे को निष्कासित करने का फैसला रद्द कर दिया गया है. इस संबंध में खुद गोखले इंस्टीट्यूट ने बॉम्बे हाई कोर्ट को जानकारी दी है. डॉ। नियुक्ति रद्द करने के फैसले के खिलाफ अजीत रानाडे ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी. संगठन ने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को यह जानकारी दी है. इसके बाद डॉ. अजित रानाडे ने याचिका वापस ले ली है.

## मुंबई : बेमौसम बारिश से तालाब में आ रहा गंदा पानी... मनपा प्रशासन ने पानी उबाल कर पीने की दी सलाह

**मुंबई :** भातसा तालाब परिसर में मानसून जाने के बाद भी बारिश हो रही है। मनपा प्रशासन ने बेमौसम बारिश से तालाब में गंदा पानी सप्लाई होने की जानकारी दी है। मनपा प्रशासन ने मुंबई के लोगों से अपील की है कि पानी को उबाल कर पिए। मनपा के जल विभाग ने जानकारी दी है की भातसा तालाब क्षेत्र में पिछले तीन चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से तालाब में गंदा पानी जमा हो रहा है।



इसके कारण मुंबई के पूर्वी उपनगरों और शहर के ज्यादातर हिस्सों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पानी में गंदगी को कम करने के लिए जल विभाग पानी सप्लाई से पहले ट्रीटमेंट प्लांट में ज्यादा शुद्धिकरण करने पर ध्यान दे रहा है। पानी कीटाणुनाशक के रूप में क्लोरीन का भी बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। नागरिकों को गंदे पानी की आपूर्ति के मामले में घबराना नहीं चाहिए।

## ठाणे : हीट एंड रन मामले में आरोपी ने महज चार लाख में मर्सिडीज खरीदी थी




**ठाणे:** ईस्ट एक्सप्रेसवे पर नितिन कंपनी जंक्शन के पास तेज रफ्तार मर्सिडीज कार की टक्कर से दर्शन हेगड़े (21) की मौत हो गई. अभिजीत नायर (27) के खिलाफ नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस अभी तक अभिजीत को गिरफ्तार नहीं कर सकी है. लेकिन उनकी कार नगर निगम की पार्किंग में मिली है. पता चला है कि यह मर्सिडीज मोटर 2008 की है और अभिजीत ने इसे महज चार लाख रुपये में सेकेंड हैंड खरीदा था। अभिजीत की पारिवारिक स्थिति भी सामान्य है. आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के बाद भी अभिजीत की मर्सिडीज चलाने की चाहत ही दर्शन की मौत का कारण बनी।

वागले एस्टेट के वर्कर्स हॉस्पिटल इलाके में रहने वाले दर्शन हेगड़े सोमवार आधी रात को खाने का सामान लाने के लिए दोपहिया वाहन से गए थे। जब वह नितिन कंपनी चौक पर आए तो ठाणे से मुंबई की ओर तेज रफ्तार से आ रही मर्सिडीज कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दर्शन खून से लथपथ हो गए और ड्राइवर कार लेकर भाग गया। सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान दर्शन की मौत हो गई। इस हादसे के बाद नागरिकों में गुस्से का माहौल है. दर्शन की मौत के बाद नौपाड़ा पुलिस जांच कर रही थी कि हादसा किसने किया। पुलिस ने गली में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए। साथ ही पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर अभिजीत नायर के परिवार से पूछताछ शुरू की.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com